Seventeenth Loksabha

an>

-

Title: The Speaker made a reference to the twenty-first Anniversary of the terrorist attack on Parliament House on 13th December,2001.

Homage to martyrs of terrorist attack

on Parliament House

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, हम 13 दिसम्बर, 2001 की उस दु:खद घटना का अत्यन्त संजीदगी के साथ स्मरण करते हैं, जब हमारी संसद एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का निशाना बनी थी। इस दिन हम सशस्त्र सुरक्षा बलों की बहादुरी को भी स्मरण करते हैं, जिन्होंने हमारे लोकतंत्र के प्रतीक पर हुए इस हमले को विफल कर दिया था।

हम संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 8 सुरक्षाकर्मियों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान का भी स्मरण करते हैं, जिन्होंने इस हमले को विफल करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इस आतंकवादी हमले में एक अन्य सीपीडब्ल्यूडी कर्मी भी शहीद हुए थे। यह सभा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है।

इस अवसर पर, हम आतंकवाद का सामना करने के अपने संकल्प को दोहराते हैं तथा अपने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता की रक्षा के लिए अपनी शपथ को पुन: दोहराते हैं।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में मौन रहेगी।

11.02 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

-

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल।

-